कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788 – 2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

/ प्रतिवेदन /

## गर्ल्स कॉलेज में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वय द्वारा आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ग्राम कोलिहापुरी में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रस्थान करने के पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि- हमें प्रत्येक कार्य देशसेवा की भावना से समर्पित होकर करना चाहिये। जिसमें वसुधा का वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत कोलिहापुरी के प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका का निर्माण किया गया। वीरों का वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत कोलिहापुरी ग्राम के बार्डर सिक्यूरिटी फोर्स (BSF) के सेवानिवृत श्री निमेष भोयर जी, श्री धनेश कुमार निषाद इंडियन आर्मी फोर्स, पुलिस विभाग में कार्यरत श्री मोरध्वज देशमुख का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया गया।

शिलाफलकम (शहीद स्मारक) कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों, स्वयं सेविकाओं, स्थानीय लोगों की उपस्थिति में सामूहिक रूप से हाथ में मिट्टी लेकर देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए पंचप्रण की प्रतिज्ञा ली गई। छात्राओं ने ग्राम कोलिहापुरी में जागरुकता रैली निकाली जिसमें मतदाता जागरुकता, पर्यावरण संरक्षण, साक्षरता, स्वच्छता के नारे लगाते हुए ग्रामीणों को जागरुकता का संदेश दिया। प्रधान पाठक श्री रामकुमार वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वसुधा को हरा-भरा बनाने के लिए पौधारोपण का कार्य किया, वह सराहनीय हैं। श्री मोरध्वज देशमुख जी ने अपने उद्बोधन में कहा - कि देश की सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है हमें संगठित होकर देश की रक्षा के लिए कार्य करना चाहिए। श्री निमेष भोयर जी ने वृक्षारोपण के साथ उसके संरक्षण एवं संवर्द्धन का दायित्व भी हम सभी का हैं।

श्री धनेश कुमार निषाद कि राष्ट्रीय सेवा योजना भी देश सेवा ही है। इसमें हमें समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक डॉ. विजय कुमार वासनिक ने छात्रा मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पंचायत भवन, बाज़ार, सार्वजनिक स्थल, तालाब के आसपास के क्षेत्र की सफाई की गई।

कार्यक्रम का संचालन कु. पूजा चेलक ने तथा आभार कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया। इस अवसर पर श्रीमती किरणलता वर्मा, श्रीमती तामिन वर्मा-शिक्षिका, श्रीमती हेमलता साहू, कौशल्या देशमुख-आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती वंदना बंजारे, सहयोगी श्री विमल यादव, कु. अंशु धृतलहरे, नम्रता बंजारे, गीतांजलि, खुशबू साहू, पायल तिवारी का विशेष सहयोग रहा।

(डॉ. यशेश्वरी ध्रुव)
रा.से. यो. प्रभारी

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls P.G. College, Durg (C.G.)

# 'मेरा माटी मेरा देश' - एक दिवसीय शिविर











कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 28.07.2023

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ''विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस'' पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक, दुर्ग शहर, श्री अरूण वोरा तथा जनभागीदारी समिति की श्रीमती प्रीति मिश्रा, प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी उपस्थिति थे।

मुख्य अतिथि श्री अरूण वोरा ने छात्राओं को पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के विषय में संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधा रोपण अत्यन्त आवश्यक है उसी तरह उनका संरक्षण भी करना हमसब की जवाबदारी है। जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती प्रीति मिश्रा ने कहा कि पौधरोपण से हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त होती है जिससे हमारा शरीर स्वस्थ रहता है तथा ऊर्जा का संचार होता है। इसी तरह पौधे पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में सहायक होते है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने महाविद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाये रखने के लिए छात्राओं को वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया तथा महाविद्यालय द्वारा पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री-गार्ड की भी व्यवस्था की गई है।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में पॉम, नीम, गुलमोहर आदि पौधों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के सदस्य श्री कमल रूंगटा, श्रीमती अंजू जैन तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं श्रीमती वंदना बंजारे ने कार्यक्रम का संचालन किया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. रेशमा लाकेश, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. मुक्ता बाखला, श्रीमती ज्योति भरणे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रायें कु. पूजा चेलक, अंशु धृतलहरे, नम्रता, गीतांजलि आदि उपस्थित रहें।




समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 05.06.2023

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

# विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम 'पर्यावरण नीति' का विमोचन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न आयोजन किए गए। महाविद्यालय की 'पर्यावरण नीति' का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। मुख्य कार्यक्रम में पर्यावरण विशेषज्ञ श्री संजय मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष का पर्यावरण दिवस प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण के लिए समर्पित है। समस्या के साथ उसका समाधान भी आवश्यक है तभी हम विश्व को प्रदूषण से मुक्त करा सकेंगे। उन्होंने विभिन्न आंकड़ों के माध्यम से प्रदूषण की विकराल स्थिति को बताया। विभिन्न देशों में इसके लिए किए जा रहे प्रयासों की भी उन्होंने चर्चा की, कहा कि हमारा देश भी इस दिशा में सतत् प्रयासरत् है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशीलचन्द्र तिवारी ने महाविद्यालय में पर्यावरण नीति के अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, ग्रीन आर्मी तथा एक्वा क्लब को सत्र भर नियमित रूप से पेड़ पौधे की सुरक्षा, प्लास्टिक कचरे का निष्पादन और जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने का आव्हान किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ0 ऋचा ठाकुर ने बताया कि इस अवसर पर रसायनशास्त्र की प्राध्यापक डॉ0 यास्मीन फातीमा परवेज ने पावर प्वाईंट के माध्यम से पर्यावरण से संबंधित अपनी प्रस्तुति दी।

कु0 पूजा चेलक ने कविता प्रस्तुत कर पर्यावरण का संदेश दिया। इस दिवस के अवसर पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्राऐं उपस्थित थीं। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने परिसर की साफ–सफाई की तथा पौधे लगाए। अंत में आभार प्रदर्शन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, सहायक प्राध्यापक, हिन्दी ने किया।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)


शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
महाविद्यालय



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 25.09.2023

/प्रेस विज्ञप्ति/

## गर्ल्स कॉलेज में
## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ''स्थापना दिवस'' का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणापुरूष स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशीलचन्द्र तिवारी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से छात्राओं में आत्मविश्वास और आत्मसम्मान की भावना जागृत होती है। सात दिवसीय शिविर ग्रामीण अंचल में लगता है, वहां छात्राऐं अनुशासन में रहकर अपने कार्य के प्रति सजग रहती हैं। वहां उनके व्यक्तित्व का विकास होता है। देश के प्रति कुछ करने की लगन होती है। ग्रामीण विकास समाज के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती है। विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के बहुत सारे अवसर मिलते हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई की गई साथ ही स्थापना दिवस पर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्रा कु0 मोनिका यदु प्रथम, कु0 संतोषी जंघेल द्वितीय तथा कु0 ममता एवं कु0 वंदना बांधे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

निर्णायक के रूप में महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक श्रीमती ज्योति भरणे, श्रीमती वंदना बंजारे, श्रीमती आरती सिंह राठौर उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, कार्यक्रम अधिकारी ने किया। आभार प्रदर्शन कु0 सुमन साहू ने किया।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)


राष्ट्रीय सेवा योजन



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 01.10.2023

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में

## ''एक तारीख एक घण्टा'' स्वच्छता अभियान

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा एक तारीख एक घण्टा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं द्वारा सार्वजनिक स्थानों एवं परिसर में सफाई की गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने स्वच्छता संबंधी शपथ दिलाई। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि परिसर की स्वच्छता के साथ–साथ आसपास की सफाई रखना भी हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होनें छात्राओं को इसके लिये जनजागरूकता की पहल करने का आव्हान किया।

महाविद्यालय की एन0एस0एस0 की छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा 5 बिल्डिंग क्षेत्र एवं यात्री प्रतिक्षालय तथा महाविद्यालय परिसर में वृहद् स्वच्छता अभियान चलाया गया।

महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचरियों ने यात्री प्रतीक्षालय को साफ–सुथरा बनाया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं श्रीमती वंदना बंजारे ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## ‘‘एक तारीख एक घण्टा’’ स्वच्छता अभियान









कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 13.10.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में
# मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत
# अमृत कलश यात्रा का आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ''मेरी माटी, मेरा देश''। अभियान के अन्तर्गत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी द्वारा शीला फलकम् कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को पंचप्रण की प्रतिज्ञा दिलाई गई। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होनें कहा कि देश के बहादुर वीरों ने तथा स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों ने देश की रक्षा के लिये अपने प्राणों की आहूति देदी। हमसबका दायित्व है कि वीरों का सम्मान करते हुए देश सेवा के लिये संगठित एवं समर्पित होकर कार्य करें।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने बताया कि छात्राओं द्वारा अपने घरों से एक मुट्ठी चावल और एक मुट्ठी मिट्टी एकत्रित किया और हाथ में मिट्टी लेकर देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए अमृत कलश का निर्माण किया। अमृत कलश की यात्रा महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न हुई।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई–दो की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती वंदना बंजारे तथा सलाहकार समिति की सदस्य डॉ. अनुजा चौहन कलश यात्रा में उपस्थित थी।

राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेवक कु. पूजा चेलक, कु. नम्रता बंजारे, कु. लक्ष्मी, कु. खशबू ने सक्रिय भागीदारी की।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## गर्ल्स कॉलेज में
## मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत
## अमृत कलश यात्रा का आयोजन






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 31.10.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में
# पतंग के द्वारा मतदान जागरूकता संदेश

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक ने जानकारी देते हुए बताया कि पतंग के माध्यम से छात्राओं ने 17 नवंबर को शत–प्रतिशत मतदान की अपील बड़े ही रोचक ढंग से की।

सभी छात्राओं ने पतंग पर मतदान के लिए प्रेरित करने वाले संदेशों को लिखा था और उसे आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जिसकी सभी ने सराहना की।

इस अवसर पर छात्राओं ने पतंग में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की अपील की है। उन्होनें पतंग में निर्भीक होकर निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश प्रसारित किया है।

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की है। 17 नवंबर को मतदान की अपील से इसके प्रति जागरूकता बढ़ी है।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## गर्ल्स कॉलेज में
## पतंग के द्वारा मतदान जागरूकता संदेश






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 11.08.2023

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित
## जागरूकता अभियान में युवाओं की महती भूमिका है : महादेव कांवरे

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान पर विभिन्न आयोजन किये गये।

स्वीप के प्रभारी डॉ. व्ही.के. वासनिक ने बताया कि इसके अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग संभाग के आयुक्त श्री महादेव कांवरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। छात्राओं को संबोधित करते हुये उन्होनें कहा कि युवा वर्ग मतदाता जागरूकता अभियान के लिये सक्रिय भूमिका अदा करें तथा समाज में प्रजातान्त्रिक व्यवस्था की सफलता के लिये अधिक से अधिक मतदाता अपने मतों का प्रयोग करें एवं उसके महत्व को समझें। इसके लिये विद्यार्थी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अभियान चलाये।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने स्वीप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न कार्यक्रमों में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की तथा ग्रामीण अंचल में भी रासेयो के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने को कहा।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कु. कंचन सोनी, द्वितीय स्थान प्राप्त कु. भूमिका एवं तृतीय स्थान प्राप्त कु. प्रियंका तिवारी। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम कु. संगीता रावटे, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः कु. काजल साहू एवं कु. हेमा देवांगन को पुरस्कृत किया गया।

डॉ. व्ही.के. वासनिक ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम की सक्रिय गतिविधियों एवं रचनात्मक सहभागिता के लिये महाविद्यालय की कैम्पस एम्बेसडर कु. प्रेरणा शर्मा एवं कु. पूजा चेलक को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को मतदाता जागरूकता संबंधित शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्रायें उपस्थित थे।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## गर्ल्स कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## जागरूकता अभियान में युवाओं की महती भूमिका है : महादेव कांवरे






**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**

**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in

College Code : 1602


**दुर्ग, दिनांक : 30.10.2023**

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

# गर्ल्स कॉलेज में
# छाते के द्वारा मतदान जागरूकता

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक ने जानकारी देते हुए बताया कि छाते के माध्यम से छात्राओं ने 17 नवंबर को मतदान की अपील बड़े ही रोचक ढंग से की।

25 छात्राओं ने छाते पर मतदान के लिए प्रेरित करने वाले संदेशों को लिखा था और उसे आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जिसकी सभी ने सराहना की।

स्वीप कार्यक्रम में छात्राओं की बढ़ती भागीदारी से सभी में उत्साह है। 17 नवंबर को मतदान की अपील से इसके प्रति जागरूकता बढ़ी है।




समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 04.09.2023

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

## विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। महाविद्यालय की यूथ रेडक्रास प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा संचालित दाई–दीदी क्लीनिक को विशेष रूप से महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए लगाया गया। इस शिविर में महिला चिकित्सक एवं महिला स्टॉफ के द्वारा छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं पैथालाजीकल टेस्ट किए गए।

डॉ0 रंजिता द्वारा छात्राओं के समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया एवं जांच कर परामर्श तथा उपचार किया गया। निःशुल्क दवाएं दी गई। इस शिविर में 170 छात्राओं ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा 88 छात्राओं ने लैब टेस्ट के माध्यम से रक्त समूह, हीमोग्लोबिन जांच तथा सी. बी. सी. का टेस्ट कराया। शिविर में श्री मनीष यादव, राजेश्वरी सिन्हा, नाशिन एवं विधि साहू ने सक्रिय सहयोग किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने चिकित्सा टीम तथा महापौर, नगर निगम, दुर्ग का आभार व्यक्त किया है। महाविद्यालय की यूथ रेडक्रास की छात्राओं की शिविर संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)


Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' PG College,
Durg (C.G.)
YOUTH RED CROSS
WORKING FOR A HEALTHY WORLD




फ्री में इलाज़ के
होंगे साकार
फ्री में होही

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 28.10.2023

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

# पिंक अक्टूबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग के यूथ रेडक्रॉस विभाग के तत्वाधान में ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गुलाबी वस्त्र धारण कर प्राध्यापिकाओं एवं छात्राओं ने इस जागरूकता कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दर्ज करायी। रेडक्रॉस विभाग की प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने बताया कि पिंक अक्टूबर अभियान का मुख्य उद्देश्य ब्रेस्ट कैंसर रोग के प्रति जन जागरूकता को बढ़ाना है जिससे इसके कारण, रोकथाम व उपचार को बढ़ावा दिया जा सके, क्योंकि समय पर रोग पहचान उचित जांच व उपचार से इस बीमारी से पूर्णतः निजात पाई जा सकती है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं से आह्वान किया कि इस अभियान का पहला कदम स्वयं को शिक्षित करना है। इस रोग की समस्त जानकारी एकत्र करने के पश्चात् अन्य को भी शिक्षित करना है साथ इस अभियान के समर्थन के लिए भी विभिन्न प्रयास लगातार करते रहना चाहिए।

कु0 शबीना बेगम ने इस रोग के लक्षण एवं पहचान की विस्तृत जानकारी दी। डॉ0 तोषिना तैलंग ने आहार एवं जीवनशैली में परिवर्तन कर बचाव एवं उपचार बताये। कु0 युक्ति देशमुख ने इस वर्ष की थीम बताई जिसका उद्देश्य हमारे आसपास की वरिष्ठ महिलाओं का विशेष ध्यान रखना है। श्रीमती ज्योति भरणे ने इस रोग से पीड़ित महिलाओं के प्रति सामाजिक दायित्व की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कु0 तब्बसुम अली एवं धन्यवाद ज्ञापन कु0 श्वेता भट्ट ने किया।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)




Govt . Dr. W.W . Patankar Girls' PG College,
Durg (C.G.)
YOUTH RED CROSS
ORKING FOR A HEALTHY WORLD

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 08.09.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में
# साक्षरता दिवस आयोजित

शास डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा साक्षरता दिवस पर विभिन्न आयोजन किये गये।

समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मोनिया राकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि दुनियाभर की आबादी तक हर देश, हर समाज, हर गाँव, हर समुदाय तक लोगों को शिक्षित बनाना ही इस दिवस का उद्देश्य है। जितने ज्यादा लोग शिक्षा ग्रहण करेंगे उतना ही बेहतर भविष्य बनेगा।

इस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में बीए. भाग-3 की कु. आशा साहू-प्रथम तथा एम.एससी. प्राणीशास्त्र की कु. दिप्ति साहू एवं बी.ए. भाग-3 की कु. तुलेश्वरी कुंजाम क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं।

पोस्टर प्रतियोगिता में बी.ए. भाग-3 की कु. दानेश्वरी बंजारे-प्रथम तथा पीजीडीसीए की कु. आरती जोशी -द्वितीय एवं बी.ए. भाग-3 की कु. आशा साहू तृतीय स्थान पर रहीं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन कर पुरस्कृत छात्राओं को बधाई दी।

साक्षरता दिवस कार्यक्रम बड़ी संख्या में छात्राओं के साथ-साथ वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ.के.एल. राठी, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. रेशमा लाकेश, श्रीमती ज्योति भरणे, श्रीमती वंदना बंजारे, कु. माजदा, कु. तृप्ति खरे, श्रीमती आरती राठौर उपस्थित थे।




समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 26.08.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में
# विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

शास डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ‘‘न्याय सबके लिए’’ के अंतर्गत कानूनी जानकारी छात्राओं को प्रदान की गई।

इस कार्यक्रम में श्रीमती शिवानी सिंग, व्यवहार न्यायाधीश, जिला न्यायालय दुर्ग, श्रीमती शीलू केसरी, व्यवहार न्यायाधीश, जिला न्यायालय दुर्ग वक्ता के रूप में उपस्थित थे।

श्रीमती शिवानी सिंग ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि घटना सामान्य हो या गंभीर हो, शीघ्र ही अपने माता-पिता को इसकी जानकारी प्रदान करें। गंभीर घटना में यदि बयान देने की बात आती है तो हमें कभी भी भयभीत नहीं होना चाहिए। वर्तमान समय में सोशल मीडिया एवं बैंक फ्रॉड की घटनाएँ लगातार बढ़ रही है इसमें हमें सदैव सजग रहना चाहिए।

श्रीमती शीलू केसरी ने कहा कि जीवन में जो भी समस्याएँ आती है उन समस्याओं का समाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करता है। वाहन के इंश्योरेन्स की बात हो या छेड़खानी की हमें सदैव जागरूक होना चाहिए। यदि समस्या बढ़ती है तो निडर होकर एफआईआर दर्ज कराकर कानूनी सलाह लेना चाहिए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सतर्कतता एवं सजगता से हम विभिन्न प्रकार की दुर्घटनाओं, अपराध से बच सकते है। सायबर अपराध से बचने के लिए हमें सतर्क रहना होगा। हमें कानूनी जानकारी सदैव ज्ञात होनी चाहिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया। इस अवसर पर छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## गर्ल्स कॉलेज में
## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन





कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 10.10.2023

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

## ''मानसिक स्वास्थ्य एवं युवा''

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस आयोजित किया गया। समाज में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देने, लोगों को इसके समर्थन के लिए प्रोत्साहित करने एवं जीवन के सभी पहलुओं में एक स्वस्थ वातावरण स्थगित करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन युथ रेडक्रॉस द्वारा किया गया।

युथ रेडक्रॉस के प्रभारी डॉ0 रेश्मा लाकेश के अनुसार मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है तथा सजग होने अपने आसपास की गतिविधियों पर बिना किसी प्रतिक्रिया के वर्तमान पल को पूर्णता से जीना है। प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य में भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण निहित है। मानसिक स्वास्थ्य न केवल व्यक्ति के व्यक्तित्व अपितु जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। उत्तम मानसिक स्वास्थ्य अधिक उत्पादकता, उचित व्यवहार को दर्शाता है।

विशेष विशेषज्ञ डॉ0 अभिलाषा तिवारी, प्राचार्य भिलाई नायर समाज महाविद्यालय, भिलाई ने कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी अनेक मानसिक दबाव में है जिसके प्रभाव से भावनात्मक विनिमय या व्यवहार में नैदानिक रूप से गड़बड़ी देखी जा रही है, जिसे गंभीरता से लेना चाहिए एवं उचित निराकरण करने के साथ–साथ व्यायाम, संतुलित आहार, मित्रों से जुड़ाव, अव्यवस्था से मुक्ति और प्रकृति में समय बिताना जैसी गतिविधियां लाभकारी होती है।

कु0 मेघा पारधी ने मानसिक बीमारियों की जानकारी दी। कु0 योगिता ने वर्तमान समय में जीवन जीने पर महत्व दिया। कल्पना चौधरी ने मानसिक तनाव के कारण गरीबी, नशा, बेरोजगारी आदि बताए। कु0 पल्लवी भारती ने मानसिक स्वास्थ्य को सलामती की स्थिति बताया, जिसमें व्यक्ति अपनी क्षमताओं का अहसास रहता है। वह जीवन के तनाव का सामना करता है। लाभकारी और उपयोगी कार्य कर समाज को अपना योगदान देता है। शेख साहिबा ने अपनी परेशानियों को विशेषज्ञ के साथ साझा कर उचित ईलाज का समाधान के बारे में चर्चा की।

कार्यक्रम का संचालन कु0 मानसी प्रसाद ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन कु0 लुबना खान ने किया।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)


Health
स्वास्थ्य
GOVT. DR. W.W.



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 13.10.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिवस

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भूगोल विभाग के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सेनानी नागेन्द्र कुमार सिंह थे। उन्होनें अपने उद्बोधन में कहा कि आपदा प्रबंधन में उसके कारण एवं बचाव के विभिन्न तरीकें है जिनके बारे में सभी को जानकारी होना आवश्यक है। उन्होनें विभिन्न घटनाओं की चर्चा करते हुए सफल उपायों की जानकारी दी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने आपदा प्रबंधन की आवश्यकता एवं महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता एवं प्रश्नमंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध प्रतियोगिता में 30 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान पर कु. समृद्धि ठाकुर द्वितीय स्थान पर कु. दिप्ति साहू, तथा तृतीय स्थान पर कु. आरती ठाकुर एवं कु. यामिनी रहीं।

प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम कु. खिलेश्वरी ठाकुर–एम.ए. भूगोल, द्वितीय आरती ठाकुर–एम.ए. भूगोल एवं तृतीय स्थान पर कु. तुष्मा नेताम–बी.ए. भाग–2 रहीं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुषमा यादव, विभागाध्यक्ष भूगोल एवं आभार प्रदर्शन श्री नितिन कुमार देवांगन ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्रायें तथा प्राध्यापकगण उपस्थित थे।




समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.08.2023

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में
## स्वाधीनता दिवस का गरिमामय आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 77 वाँ स्वाधीनता दिवस उल्लहासपूर्ण वातावरण में मनाया गया।

संस्था के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। रासेयो की छात्राओं ने तिरंगा रैली निकाली जो प्रमुख मार्गों से भ्रमण कर परिसर लौटी।

विडियो बनाओ प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त बी.ए. भाग–2 की कु. प्रेक्षा यादव को विश्वविद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया।

परिसर में पौधे लगाए गए तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने विभिन्न प्रस्तुतियाँ दी। इस अवसर पर यूथ रेडक्रॉस की छात्राओं ने भी हिस्सा लिया।



समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

सं. A-12041/9/2023-NSS
भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
युवा कार्यक्रम विभाग
एनएसएस प्रभाग

शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक : 29 सितंबर, 2023

## परिपत्र

मेरी माटी मेरा देश अभियान के संबंध में दिनांक 7 अगस्त, 2023 (प्रति संलग्न) और दिनांक 01 सितंबर, 2023 (प्रति संलग्न) के अ.शा. पत्र संख्या 42-22/261/2023-अकाम का संदर्भ ग्रहण करें ।

2. इस संबंध में यह सूचित किया जाता है कि स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों (एनएसएस और गैर-एनएसएस इकाईयों वाले सभी संस्थानों के लिए) में अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया जाए । कार्यक्रम समन्वयक और कार्यक्रम अधिकारी यात्रा के आयोजन के लिए सभी स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से संपर्क करेंगे । 01 - 13 अक्टूबर 2023 तक स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर निम्नलिखित कार्यकलाप किए जाएंगे :

क) छात्र अपने घरों से थोड़ी मिट्टी या चावल अपने संबंधित स्कूलों/कॉलेजों में लाएंगे ।

ख) फिर इस मिट्टी या चावल को संबंधित परिसरों में अमृत कलश में एकत्र किया जाएगा ।

ग) यह अमृत कलश यात्रा परिसर के भीतर आयोजित की जाएगी ।

घ) छात्रों को मिट्टी और चावल एकत्र करते समय पंच प्रण प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और वे इसकी एक फोटो https://yuva.gov.in पर अपलोड करेंगे ।

ङ) पौधारोपण और जहां भी संभव हो स्थानीय वीरों के नाम पर शिलाफलकम की स्थापना की जाएगी ।

च) सभी स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को कम से कम 75 स्वदेशी पौधों की अमृत वाटिका स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

छ) मेरी माटी मेरा देश टैब के अंतर्गत कलश यात्रा की फोटो भी https://yuva.gov.in पोर्टल पर अपलोड की जाएं ।

ज) कॉलेज स्तर पर कार्यक्रम के समापन के बाद विश्वविद्यालय एक सामूहिक कार्यक्रम आयोजित करेंगे ।

झ) कॉलेज/विश्वविद्यालय स्तर पर कलश को ब्लॉक स्तरीय समारोह आयोजित करने वाली निकटतम ब्लॉक स्तरीय एजेंसी को सौंपा जाएगा ।

पंकज कुमार सिंह 29/9/2023

पंकज कुमार सिंह
निदेशक
राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस)

सेवा में,

1. सभी क्षेत्रीय निदेशक
2. राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सभी कार्यक्रम समन्वयक और कार्यक्रम अधिकारी

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 06.10.2023

## /सूचना/

शासकीय डॉ0 वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं को सूचित किया जाता है "मेरी माटी मेरा देश" के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में दिनांक 13.10.2023 को प्रातः 10:00 बजे किया जायेगा। छात्रायें महाविद्यालय में उक्त तिथि को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

(डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव)
(श्रीमती वंदना बंजारे)
कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P.G. College, Durg (C.G.)

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 13.10.2023

/प्रतिवेदन/

## अमृत कलश यात्रा

शासकीय डॉ0 वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 'मेरी माटी – मेरा देश अभियान' के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा शीला फलकम् के अंतर्गत छात्राओं को पंचप्रण की प्रतिज्ञा विवेकानंद की मूर्ति के समक्ष दिलाई गई। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के बहादुर वीरों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। हम सबका दायित्व है कि वीरों का सम्मान करते हुए देश सेवा के लिए संगठित एवं समर्पित होकर कार्य करें। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने बताया कि छात्राओं द्वारा अपने घरों से एक मुट्ठी चावल, एक मुट्ठी मिट्टी एकत्रित किया और हाथ में मिट्टी लेकर देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए अमृत कलश का निर्माण किया। अमृत कलश यात्रा महाविद्यालय में सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती वंदना बंजारे तथा सलाहकार समिति की सदस्य डॉ0 अनुजा चौहान, डॉ0 सुषमा यादव, श्रीमी ज्योति भरणे उपस्थित रहीं। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका कु0 पूजा चेलक, कु0 न्रमता बंजारे, कु लक्ष्मी साहू ने सक्रीय भागीदारी निभाई।

(डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव)
(श्रीमती वंदना बंजारे)
कार्यक्रम अधिकारी, रा0 से0 यो0

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
College, Durg (C.G.)

17

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दिनांक : 13.10.2023

विषय – मेरी माटी मेरा देश - अमृत कलश यात्रा

| क्र. | नाम | कक्षा | हस्ताक्षर | क्र. | नाम | कक्षा | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 25 | Khushboo | B Com 2nd | Khushboo |
| 1. | दुर्गेश्वरी साहू | B.A III | दुर्गेश्वरी | 26 | Radha sahu | MA IV | राधा |
| 2 | खुशी गुप्ता | B.A III | खुशी | 27 | Vasha | MA IV | varsha |
| 3. | अंजली निषाद | B.A. III | Anjali Nishad | 28 | Nisha | B.A I | Nisha |
| 4 | दुर्गा यादव | B.A. III | दुर्गा | 29 | विद्या साहू | MA IV | विद्या |
| 5. | Komal Urkude | B.A III | Komal | 30 | Preeti Chawhan | B.A 1st | Preeti |
| 6. | Chetna Choudhary | B.Sc.III | Chetna | 31 | राखी साहू | MA III | Rakhi |
| 7 | चाँदनी कश्यप | MA IV | Chandni | 32 | Monika Sahu | B.A 1st | Monika |
| 8 | Divya Chapde | M.A IV | Divya | 33 | Rashmi sahu | BA II | Rashmi |
| 9. | Gitanjali yadav | M.A II | Gitanjali | 34 | सपना वर्मा | BSc III | Sapna |
| 10 | Kusum | M.A II | Kusum | 35 | Nitu Yadav | B.A I | Nitu. |
| (11) | चन्द्रकला | MA IV | Hekur | 36 | चन्द्रकला | M.A IV | Hekul |
| (12) | सुमन | M A IV | Suman | 37 | Namrata | MA III | Namrata |
| (13) | मोनिका | B.A III | monika | 38 | काजल | MA III | Kajal |
| (14) | भारती | B.A III | Bharti | 39 | Sandhya | B.A I | Sandhya |
| (15) | निशा साहू | B.Com II | Nshahu | 40 | सुमन साहू | M A IV | Suman |
| 16) | दिक्षा देशमुख | BA II | Diksha | 41 | देवयानी | BSC III | Devyani |
| 17 | रोशनी साहू | BA III | Roshni | 43 | शिवानी | B.Sc III | Sivani |
| 18) | काजल यादव | MA IV | Kajal | 44 | Heeramani | BSC 3rd | Heera |
| (19) | कोमल गन्धर्व | BA III | Komal | 45 | भारती | BA III | Bharti |
| 20 | अंजली यादव | BA II | Anjli | 46 | Damini | BA I | Damini |
| 21 | पूर्वी साहू | BA II | Purvi | 47 | Sobha | BA 1st | Sobha |
| 22 | आरती यादव | B.A I | आरती | 48 | मधु | BA I | Madhu. |
| 23 | रितु गावडे | B.Com I | Rittu | 49 | कंचन सोनी | BA II | कंचन |
| 24 | राखी वर्मा | BA I | Rakhi | 50 | Kiran | MA III | Kiran |

Vandana Banjare
Programme Officer
NSS
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls PG College Durg (C.G.)

प्राचार्य
Principal
Govt. Dr. W. W. Patankar
P. G. Girls College
Durg (C.G.)

KK SAHU\E: \WORD FILE\NOTICE LETTER

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

College Code : 1602

दिनांक : 13.10.2023

विषय – मेरी माटी मेरा देश के अन्तर्गत अमृत कलश यात्रा

| क्र. | नाम | कक्षा | हस्ताक्षर | क्र. | नाम | कक्षा | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पूजा चेलक | PGDCA | Pooja | 25 | Rehan Sahu | B.A.II | Rehan |
| 2. | वंदना गुप्ता | BSc. II | [illegible] | 26 | Pooja banjuray | B.com III | Pooja |
| 3. | खुशबू साहू | M.A.III | Khushboo | 27 | Prerna | B.Sc III | प्रेरणा |
| 4. | लक्ष्मी साहू | B.A.II | Laxmi | 28 | भिमेश्वरी साहू | M.A.III | Bhimeshwari |
| 5. | गोदावरी साहू | B.A.I | Godawari | 29 | किरण गायकवाड़ | M.A.III | [illegible] |
| 6. | Jaishmi Rathore | B.A.I | Jaishmi | 30 | नम्रता देवांगन | M.A.III | [illegible] |
| 7. | Swati Tandan | B.A.I | Swati | 31 | लक्ष्मी साहू | PGDCA | [illegible] |
| 8. | Manju Sahu | B.A.I | Manju | 32 | रोशनी साहू | PGDCA | रोशनी |
| 9. | Sapna Rajput | BAI | Sapna | 33 | मनीता साहू | MA I sem | Manita |
| 10 | Damini Yadav | BAI | Damini | 34. | ममता महानंद | B.A.III | Mamta |
| 11 | Nisha Deshmukh | BA Ist | Nisha | 35 | डालेश्वरी साहू | PGDCA | डालेश्वरी |
| 12. | Bhumika Thakur | BA Ist | Bhumika | 36. | वंदना साहू | B.A.I Year | Vandana |
| 13. | Rashami Sahu | BA IInd | Rashami | 37 | Kusum sahu | B.A.I | KS |
| 14. | Shalini Nishad | BA IInd | shalini | 38 | सरस्वती देशलहरे | B.A.I | Saraswati |
| 15. | Suman sahu | BSc III (cs) | Suman | 39 | टोमेश्वरी साहू | B.A.I year | Tomeshwari |
| 16. | KhemLata Deshmukh | B.A.II | Khemlata | 40 | नेहा खुटेल | B.A.I | NehaKhutel |
| 17 | Payal Dewdas | B.A.I | PayalDewdas | 41 | दीक्षा सिन्हा | BSC II | Diksha |
| 18. | आरती | BAI | आरती | 42 | स्मिता धृतलहरे | B.Sc II | Smita |
| 19 | DAMINI SAHU | M.A.III | Damini Sahu | 43 | चन्द्रकला ठाकुर | MA IV | Thakur |
| 20 | DeePika SAHU | MA III | Deepika SAHU | 45. | Kusum | MA IV | Kusum |
| 21 | Lalita Sahu | B.Com I | [illegible] | 46 | चाँदनी कश्यप | MA IV | Chandni |
| 22 | Harsha Gode | B.A.I | [illegible] | 47. | चन्द्रमुखी | M.A.IV | [illegible] |
| 23 | Purvi sahu | B.A.II | Purvi | 48 | LeenaGhorai | M.A.IV | Leena |
| 24 | Sanjana Banjare | B.A.II | [illegible] | 49. | Radhika | M.A.IV | Radha |
| | | | | 50. | Suman | M.A.IV | Suman |

DR. YESHESHWARI DHRUW
Asstt. Professor (Hindi)
Govt. Dr. W.W.P.P.G.
College Durg (C.G.)

KK SAHU\E:\WORD FILE\NOTICE LETTER

Principal
प्राचार्य
Govt. Dr. W. W. Patankar
P. G. Girls College

# मेरा माटी मेरा देश अंतर्गत कलश यात्रा









कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 20.09.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में अर्थशास्त्र परिषद का उद्घाटन

## ग्रीन-आर्मी ने उठाया स्वच्छता का बीड़ा

विगत दिनों शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अर्थशास्त्र परिषद का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र की छात्राओं को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने परिषद के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आव्हान किया कि उन्हें विभागीय गतिविधियों के साथ-साथ महाविद्यालय की अकादमिक एवं गैर अकादमिक गतिविधियाँ में भी सक्रियता से भागीदारी निभानी चाहिए।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने बताया कि एम.ए. अर्थशास्त्र की छात्राओं द्वारा ग्रीन आर्मी का गठन किया गया है जो पूरे सत्र भर महाविद्यालय की स्वच्छता एवं बगीचों के संधारण में अपना योगदान देगी।

ग्रीन आर्मी एवं अर्थशास्त्र परिषद की प्रभारी डॉ. मुक्ता बांखला ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को परिषद के महत्व को बताते हुए स्पष्ट किया कि परिषद को अपने कार्यों के अन्तर्गत विभागीय गतिविधियाँ का संचालन कैसे करना चाहिए? नेट/स्लेट की तैयारी, पावर पाईंट प्रस्तुति, पोस्टर प्रदर्शनी, शैक्षणिक भ्रमण, व्याख्यानमालाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाना है। ग्रीन आर्मी को भी उन्होनें विभिन्न दायित्व सौंपते हुए अपेक्षा की कि महाविद्यालय की अन्य छात्राओं के लिए भी ये छात्राएँ उदाहरण प्रस्तुत करेंगी।

प्राध्यापक डॉ. दीपक कश्यप ने सभी छात्राओं को पावर पाईंट प्रस्तुति एवं नेट/स्लेट जैसी परीक्षाओं में सफलता के लिए आवश्यक बिन्दुओं पर चर्चा की। अर्थशास्त्र परिषद के निम्न पदाधिकारी नामांकित किये गये। अध्यक्ष- कु. आमिनी साहू, उपाध्यक्ष-कु. कोमल देवांगन, सचिव- कु. देवंतिन कुंजाम, सहसचिव- कु. भारती साहू, कोषाध्यक्ष- कु. वंदना शर्मा।

अध्यक्ष, कु. आमिनी साहू ने प्राध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ग्रीन आर्मी के माध्यम से महाविद्यालय को स्वच्छ रखने में अपने टीम के साथ पूर्ण सहयोग देने का वायदा किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में अर्थशास्त्र परिषद का उद्घाटन

### ग्रीन-आर्मी ने उठाया स्वच्छता का बीड़ा



